# अयोग्य शिक्षकों के कॉपी जांचने पर होगी कार्रवाई

देहरादून। दून के वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के उन शिक्षकों ने भी परीक्षा की कॉपियां जांची, जो उन विषयों की योग्यता तक नहीं रखते हैं। लिहाजा, यूटीयू ने ऐसे शिक्षकों के काम को निरस्त कर दिया है। अब इन कॉपियों को दोबारा जांचा जाएगा।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल ने सभी संबद्ध संस्थानों के निदेशक एवं प्राचार्यों को पत्र लिखकर बताया है कि पहले भी निर्देश दिए गए थे कि न्यूनतम योग्यता न रखने वाले शिक्षकों को परीक्षा मूल्यांकन के काम से दूर रखा जाए। इसके बावजूद कुछ संस्थानों ने उन शिक्षकों को कॉपी जांचने में लगा दिया। अब यूटीयू की ओर से उनके काम को निरस्त कर दिया है।

**यूटीयू कोई भुगतान नहीं करेगाः** यूटीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल के अनुसार, इन शिक्षकों को अब कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, ऐसे संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। नए सिरे से परीक्षा मूल्यांकन का काम करवाया जाएगा। इसके लिए शिक्षण संस्थानों को योग्य शिक्षकों को नामित करने के लिए कहा गया है।